गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के माणसा में लगभग 241 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया

श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मुख्यमंत्री के तौर पर कच्छ और सौराष्ट्र से लेकर पूरे गुजरात में भूजलस्तर को ऊपर लाने का काम किया

मोदी जी ने नर्मदा योजना में आने वाले सभी अवरोधों को दूर कर योजना का काम पूरा किया और नर्मदा जी का पानी हर घर पहुँचाया

पहले फ्लोराइड युक्त पानी पीने को विवश पूरे उत्तर गुजरात को मोदी जी के प्रयासों से फ्लोराइड मुक्त पेयजल मिल रहा है

चेकडैम और बैराज के निर्माण से अनेक किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आ रहा है

साबरमती नदी पर 14 डैम बनाकर 12 महीने नदी भरी रहे इसकी व्यवस्था की गयी है

प्रविष्टि तिथि: 15 JAN 2025 6:05PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के माणसा में लगभग 241 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने गुजरात के लोगों की प्यास बुझाने का काम किया। उन्होंने कहा कि पहले जमीन से 1200 फुट नीचे पानी उपलब्ध होता था, लेकिन नरेन्द्र मोदी जी ने मुख्यमंत्री के तौर पर कच्छ और सौराष्ट्र से लेकर पूरे गुजरात में भूजलस्तर को ऊपर लाने का काम किया और सबसे पहले नर्मदा योजना पूरी की। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी ने नर्मदा योजना में पैदा किए गए सभी अवरोधों को दूर किया और योजना का कार्य पूरा किया। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद नर्मदा नदी का पानी हर घर तक पहुंचा और भरुच से लेकर खावडा तक नहर का निर्माण कार्य पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गुजरात के 9 हजार से ज्यादा तालाबों में पानी डलवाया और वर्षा के पानी की बर्बादी रोककर सौराष्ट्र के हर गांव में पानी पहुंचाने का काम किया।

श्री अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने सुजलाम-सुफलाम योजना के जरिये कडाना से डिशा तक पानी पहुंचाने का काम किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने नर्मदा के पानी को लगभग 9 हजार तालाबों तक ले जाने का कार्य किया और अब साबरमती पर चौदह बांध बनवाकर ऐसी व्यवस्था की है, जिससे नदी में पूरे साल पानी भरा रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों से न केवल भूजलस्तर बढ़ा बल्कि पहले फ्लोराइड युक्त पानी पीने को विवश पूरे उत्तर गुजरात को फ्लोराइड रहित पेयजल मिला है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 500 साल से भी अधिक पुराना अंबोड़ स्थित महाकाली माता का मंदिर स्थानीय लोगों की श्रद्धा का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले इस मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ, पवित्र यात्राधाम ने पवित्र मंदिर का निर्माण करवाया और अब एक सुंदर बैराज का भी निर्माण कराया जा रहा है। श्री शाह ने मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल से बैराज का विस्तार कर एक ऐसा तालाब का निर्माण कराने को कहा जिसमें पूरे साल पानी भरा रहे, लोग बोटिंग कर सकें और घूमने आ सकें और शाम को मां की आरती होने पर एक सुंदर धाम में उपस्थित होने की अनुभूति हो।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज 241 करोड़ रुपए की लागत से माणसा सर्किट हाउस, नीलकंठ महादेव के पास प्रोटेक्शन वॉल, बदरपुरा गाँव में चेकडैम और चराडा एवं देलवाडा गाँव में कक्षा खण्ड के निर्माण कार्य का लोकार्पण हुआ है और 23 अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ है जिनमें अंबोड़ गाँव में साबरमती नदी पर बैराज का निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि इस बैराज से अनेक स्थानीय किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि यहाँ चेकडैम के निर्माण से इस क्षेत्र के बच्चों के जीवन में परिवर्तन आयेगा। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार ऐसी व्यवस्था करेगी कि आगामी दिनों में अंबोड़ स्थित पवित्र मंदिर पूरे गुजरात का सुंदर तीर्थस्थल बनेगा।

****

RK/VV/RR/PR

(रिलीज़ आईडी: 2093155) आगंतुक पटल : 183

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Gujarati , Tamil , Kannada